an>

Title: Need to take stringent action against the organizations which are collecting money from foreign countries in the name of physically challenged persons.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): उपाध्यक्ष महोदय, इस बात की लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि गैर-सरकारी संगठनों के द्वारा देश और विदेश में विकलांगों के नाम पर चंदे की उगाही की जा रही है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट भी आ चुकी है भारत इस समय पोलियो से मुक्त हो चुका है। यह अत्यंत ही खेद का विषय है कि अपने ही देश का नारायण सेवा संगठन इतनी धनराशि देश और विदेश से जुटा लिया है कि जितनी धनराशि का क्लेम वह अपने यहां उपस्थित विकलांगों के लिए करता था उससे ज्यादा विज्ञापन में खर्च कर डाला। बीबीसी लंदन सामाचार एजेंसी को भी इस बारे में बोलना पड़ा। मैं आपके माध्यम से सरकार आग्रह करता हूं कि इन जैसी संगठनों को चिहिन्त करके कठोरता से कार्रवाई की जाए, जो विदेशों में अपने विकलांगों का मजाक उड़ाने का काम कर रही है।